# गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद

## GURU JAMBHESHWAR UNIVERSITY, MORADABAD

दिनांकः 14.08.2025

पत्रांकः गु0ज0वि0वि0मु0 / प्रशा0 / ए–1 / 2025 / 1576

**सूचना**

विश्वविद्यालय के पत्र सं0 गु0ज0वि0वि0मु0 / प्रशा0 / ए–1 / 2025 / 1540, दिनांक 31.07.2025 के माध्यम से विश्वविद्यालय परिक्षेत्र से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएल0बी0, एलएल0एम0 एवं एम0एड0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग कार्यक्रम (प्रथम राउंड, द्वितीय राउंड व स्पॉट राउंड) घोषित किया गया था। जिसमें स्पॉट राउंड के सम्बन्ध में निम्नलिखित स्थिति स्पष्ट की जाती है–

**स्पॉट राउंड**

- स्पॉट राउंड में प्रतिभाग करने के लिये अभ्यर्थियों को नये सिरे से च्वॉइस फिलिंग करना होगा। च्वॉइस फिलिंग की समय–सीमा दिनांक 16 अगस्त, 2025 तक निर्धारित की जाती है।
- पुराने ऑफर लैटर / च्वॉइस फिलिंग मान्य नहीं होगा।
- स्पॉट राउंड की काउंसिलिंग में केवल वही अभ्यर्थी अर्ह होंगे जिनके द्वारा स्पॉट राउंड हेतु च्वॉइस फिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण की गई है।
- स्पॉट राउंड के ऑफर लैटर www.gjumweb.in के माध्यम से दिनांक 17 अगस्त, 2025 को डाउनलोड किये जा सकेंगे।
- उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त सम्बन्धित महाविद्यालयों में दिनांक 18 अगस्त को प्रवेश ले सकेंगे।

**ओपन राउंड**

- बची हुई सीटों के लिये ओपन राउंड की प्रक्रिया दिनांक 19 अगस्त और 20 अगस्त, 2025 को संचालित होगी जिसमें ऐसे नये अभ्यर्थी (प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित) जो अभी तक की काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं हुये हैं, वे भी सम्मिलित हो सकते हैं।
- ऐसे अभ्यर्थी जो पूर्व में काउंसिलिंग में भाग ले चुके थे और शुल्क रू0 2500/– पूर्व में जमा कराया जा चुका था परन्तु अभी तक उन्हें किसी महाविद्यालय में प्रवेश नहीं मिला है, वे अभ्यर्थी भी ओपेन राउंड हेतु अर्ह हैं।
- अभ्यर्थी दिनांक 19 अगस्त, 2025 को अपना नया ऑफर लैटर डाउनलोड करेंगे। काउंसिलिंग हेतु निर्धारित शुल्क रू0 2500/–(रू0 500 काउंसिलिंग शुल्क एवं रू0 2000 महाविद्यालय की फीस में समायोजन योग्य) का भुगतान करके सीधे महाविद्यालय में नियमानुसार प्रवेश हेतु सम्पर्क करेंगे। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्रों के प्रमाणीकरण के उपरान्त महाविद्यालय सम्बन्धित छात्र की सीट को लॉक करेंगे।

(गिरीश कुमार द्विवेदी)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, कुलपति, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
2. वैय0 सहा0, कुलसचिव, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
3. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
4. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्रों को इस आशय से प्रेषित कि कृपया छात्रहित में उक्त सूचना निःशुल्क प्रेषित करें।
5. गार्ड फाईल।

कुलसचिव